## एक नजर में

### निकाली खाटू श्याम की निशान यात्रा

**मुलताई।** पवित्र नगरी मै शुक्रवार को फागुन मास कि एकादशी के अवसर पर ताप्ती तट स्थित भगवान जगदीश मंदिर से श्याम भक्तो ने बाबा के जयकारों के साथ गाजे बाजे से निशान यात्रा निकाली गई।शुक्रवार सुबह सोनोली स्थित छोटा खाटू धाम के लिए निशान यात्रा ताप्ती मंदिर से शुरू हुई। श्रद्धालु बाबा श्याम का झंडा कंधे पर लेकर करीब 5 किलोमीटर तक नंगे पांव चलकर मंदिर पहुंचे। इस दौरान भक्तो द्वारा बाबा के भजन करते हुए बाजे गाजे पर नाचते-झूमते मंदिर पहुंचे। वहीं जगह-जगह गुलाल उड़ाकर फागुन का जश्न मनाया गया।वहीं जगदीश मंदिर से श्याम हवेली तक निशान यात्रा निकाली गई। भक्तों की सुविधा के लिए दर्शन का समय सुबह 5.30 से रात्रि 12.30 बजे तक रखा गया है। इस दौरान हवेली मंदिर में बाबा का श्रृंगार काजू-बादाम और अन्य सूखे मेवों से किया गया, जो देखने में बेहद आकर्षक लग रहा था।रात्रि मे बाबा की जोत के साथ भजन संध्या होंगी।

### संकल्प से समाधान शिविर का आयोजन

**सारनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत शुक्रवार 27 फरवरी को वार्ड 18 एवं 19 के लिए उप नगर पालिका कार्यालय पाथाखेडा में शिविर का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार शासन की विभिन्न जन हितैषी योजनाओं का लाभ आम लोगों को देने के लिए 16 फरवरी से 15 मार्च तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड 18 एवं 19 के लिए शिविर का क्षेत्रीय उप नगर पालिका कार्यालय पाथाखेडा प्रांगण में आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, पार्षद मो. ताहिर अंसारी, जफर अंसारी, शिविर प्रभारी जीएस पांडे, आंगनबाडी कार्यकर्ता, अन्य नागरिक उपस्थित थे। शिविर में विभिन्न योजनाओं के आवेदन आए। इनका समय सीमा में निराकरण किया जाएगा।

### सतलोक आश्रम में 268 यूनिट रक्तदान

**बैतूल।** संत रामपाल महाराज के सानिध्य में सतलोक आश्रम उड़दन में महा विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस महाविशाल समागम में लाखों की तादाद में भक्तगण आकर भंडारा प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। शुक्रवार को कार्यक्रम के दूसरे दिन संत गरीबदास महाराज के बोध दिवस के उपलक्ष्य में 26 से 28 फरवरी तक महा विशाल समागम मनाया जा रहा है, जिसमें 3 दिवसीय महा विशाल भंडारा व संत गरीबदास महाराज की अमृतमय वाणी का अखंड पाठ आयोजित किया गया है, साथ ही अन्य कार्यक्रम जैसे रक्त दान शिविर, देहदान शिविर, दहेज मुक्त विवाह का आयोजन किया गया। इस बार 30 जोड़ों का दहेज मुक्त विवाह संपन्न हुआ जो महज़ 17 मिनट में ही गुरुवाणी के माध्यम से संपन्न हुआ। रक्तदान-महादान में सैकड़ों अनुयायियों ने भाग लिया और बैतूल जिला चिकित्सालय की टीम को 268 यूनिट रक्तदान किया गया। इस समागम में प्रेरणादाई प्रदर्शनी भी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से संत गरीबदास महाराज के जीवन के बारे में बताया।

# एफएचटीसी कार्यों में लापरवाही पर होगी बड़ी कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 27 फरवरी. कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) की समीक्षा बैठक में नल-जल योजनाओं में एफएचटीसी कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि विद्युत कार्य, सोर्स समस्या, पाइपलाइन के कार्यों को शीघ्र पूर्ण करा घरेलू नल कनेक्शन को क्रियाशील कराए।**



**घरेलू नल कनेक्शन कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश**

**सब इंजीनियर, जनपद सीईओ को नोटिस**

उन्होंने स्पष्ट हिदायत दी कि एफएचटीसी (क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन) के कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण नहीं होने पर संबंधित एसडीओ, सब इंजीनियर, जनपद सीईओ एवं ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने ग्राम वार एफएचटीसी प्रगति की समीक्षा की। बैतूल जनपद में घरेलू नल कनेक्शनों को क्रियाशील बनाने में संतोषजनक प्रगति नहीं मिलने पर उन्होंने एसडीओ पीएचई एवं जनपद सीईओ बैतूल के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने उप महाप्रबंधक एमपीईबी को भी निर्देशित किया कि विभागीय समन्वय से घरेलू नल कनेक्शनों से संबंधित विद्युत कार्य शीघ्र पूर्ण कराए जाएं, ताकि कनेक्शन जल्द चालू हो सकें। एमपीईबी से इस संबंध में स्पष्टीकरण लेने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने कार्यपालन यंत्री पीएचई को निर्देश दिए कि एफएचटीसी के शेष कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों को जनहित की योजना में उदासीनता बरतने पर सख्त नोटिस जारी किया जाए। लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।

### 10 दिन का वेतन काटने के निर्देश

बैठक में सभी जनपद सीईओ को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के ठेकेदारों की नियमित मॉनिटरिंग कर कार्यों को गति दें। जनपद सीईओ आमला द्वारा सब इंजीनियर की अनुपस्थिति की शिकायत पर कलेक्टर ने उसका 10 दिन का वेतन काटने तथा सप्ताह में दो दिन आमला मुख्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, कलेक्टर ने आगामी ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए क्रिटिकल ग्रामों के चिन्हांकन एवं पेयजल प्रबंधन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

### कार्यपालन यंत्री को अप्रसन्नता पत्र देने के निर्देश

जिले के विभिन्न ब्लॉकों में जहां केवल एक-दो नल कनेक्शन ही चालू हैं, वहां शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के लिए संबंधित एसडीओ पीएचई, उपयंत्री एवं जनपद सीईओ को नोटिस जारी करने तथा कार्यपालन यंत्री को अप्रसन्नता पत्र देने के निर्देश दिए गए। उन्होंने एफएचटीसी कार्य पूर्ण कर नल-जल योजनाओं का हैंडओवर तथा हर घर जल प्रमाणन की कार्रवाई शीघ्र करने को कहा। समीक्षा के दौरान घोड़ाडोंगरी जनपद के ग्राम छुरी में जूनियर इंजीनियर एमपीईबी की लापरवाही के कारण छह माह से कार्य लंबित पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। शाहपुर जनपद के ग्राम देशावाड़ी की नल-जल योजना का जनपद सीईओ के साथ संयुक्त भ्रमण कर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए गए।

## अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**बैतूल।** प्रदेश के नागरिकों को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा प्रदान करने एवं शासन के राजस्व के दृष्टिगत मार्च माह में सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। इस संबंध में महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, मध्यप्रदेश द्वारा आदेश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार मार्च 2026 में होली के अवकाश को छोड़कर सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार एवं रविवार सहित) में जिला पंजीयक, जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय शासकीय एवं पंजीयन कार्य के लिए खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन ने सभी परिक्षेत्रीय उप महानिरीक्षक पंजीयन को निर्देश दिए हैं कि वे अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी पंजीयन कार्यालयों को अवकाश दिवसों में भी संचालित होना सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को असुविधा न हो।

## दुष्कर्म के आरोपी पिता ने लॉकअप में किया आत्महत्या का प्रयास

**बैतूल। अपनी ही 10 वर्षीय नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में गिरफ्तार पिता ने पुलिस हिरासत (लॉकअप) में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की है।**

**बेटी के साथ दुष्कर्म के आरोप में हुआ था गिरफ्तार**

**गंभीर हालत में जिला अस्पताल में है भर्ती**

आरोपी की हालत गंभीर है और उसे बैतूल जिला अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। इस बड़ी लापरवाही के बाद से पुलिस महकमे में भारी हड़कंप मचा हुआ है। मामला 26 फरवरी 2026 को सामने आया था। जब आरोपी ने बेटी को कमरे में बंद कर दिया था, तब पीड़िता की मां ने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस बुलाई और बच्ची को बचाया। 10 वर्षीय नाबालिग ने अपने पिता पर लंबे समय से दुष्कर्म करने, डराने-धमकाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध धारा 65(2), 64(2)(एफ), 64(2)(एम), 351(3) भारतीय न्याय संहिता एवं 5(एल)/6, 5(एम)/6, 5(एन)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। थाने लाए जाने के बाद आरोपी ने पुलिस हिरासत में फांसी लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की। डॉक्टरों के अनुसार, फंदे के कारण आरोपी को सांस लेने में गंभीर दिक्कत हो रही है, जिसके चलते उसे इंक्यूबेट (वेंटिलेटर सपोर्ट) किया गया है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। बैतूल एसपी कमला जोशी ने आरोपी द्वारा आत्महत्या के प्रयास की आधिकारिक पुष्टि की है। घटना के बाद से बैतूल जिला अस्पताल में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। बैतूल एसडीओपी सुनील लाटा, गंज टीआई नीरज पाल और तहसीलदार खुद आईसीयू में मौजूद हैं। पुलिस अधिकारी फिलहाल इस मामले में ज्यादा कुछ बोलने से बच रहे हैं। पुलिस इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पीड़िता की पहचान गोपनीय रखकर आगे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक बैतूल वीरेंद्र जैन ने जिलेवासियों से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। परिवार, स्कूल और समाज को मिलकर ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाना चाहिए जहाँ बच्चे बिना डर अपनी बात कह सकें।

## अज्ञात वाहन ने किसान को मारी टक्कर, मौत

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 48 वर्षीय किसान की मौत हो गई। महदगांव निवासी किसान अपनी मोटरसाइकिल से गुटखा लेने जा रहे थे, तभी रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतक बाबूराव आनंदराव (48 वर्ष) कोतवाली थाना क्षेत्र के महदगांव के रहने वाले थे और पेशे से किसान थे। गुरुवार शाम वह अपनी मोटरसाइकिल से गुटखा लेने के लिए पास के डहरगांव की ओर जा रहे थे। डहरगांव जाते समय रास्ते में किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस अचानक हुए हादसे में किसान बाबूराव गंभीर रूप से घायल हो गए और सड़क पर गिर पड़े। घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें गंभीर हालत में बैतूल के जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन चोटें ज्यादा होने के कारण उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर जिला अस्पताल पुलिस चौकी ने तुरंत मर्ग कायम कर पंचनामा तैयार किया। शुक्रवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश के साथ-साथ मामले की जांच शुरू कर दी है।

**मोटर साइकिल से गुटका लेने जा रहा था मृतक**

**पुलिस ने दर्ज किया मामला, अज्ञात वाहन की तलाश जारी**

## ट्रेक्टर संचालको ने टीआई इवनाती को सौंपा ज्ञापन

**सारनी।** ट्रेक्टर संचालको ने थाना सारनी पहुंचकर टीआई जयपाल इवनाती को लोनिया पंचायत का उप सरपंच एवं अन्य लोगो पर कारवाही की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को ट्रेक्टर संचालक संघ ने टीआई से मुलाकात कर उप सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों पर कार्यवाही की मांग की। बताया जाता है कि लोनिया गांव से चलने वाले ट्रेक्टर ट्राली के ड्रायवर एवं संचालको से उप सरपंच एवं करीबन आधा दर्जन ग्रामीणों की दादागिरी एवं अवैध वसुली करते है। ट्रेक्टर संचालको ने बताया कि लोनिया रेत खदान से रेत परिवहन करने वाले वाहनों को उप सरपंच परेशान करने के आलावा दादागिरी कर रहा है। ट्रेक्टर संचालको ने बताया कि उप सरपंच एवं कुछ ग्रामीणों ने रास्ता रोककर ट्रेक्टर चालकों को लोनिया गांव से जाने पर रोक लगा दी। उप सरपंच एवं कुछ ग्रामीणों की दादागिरी की वजह से ट्रेक्टर चालकों को खैरवानी मार्ग से आना पडा है। इतना ही नहीं लोनिया पंचायत के उप सरपंच एवं ग्रामीणों ने सारनी आकर हंगामा भी किया है। बताया जाता है कि लंबे समय से उप सरपंच एवं कुछ ग्रामीण ट्रेक्टर चालकों से गाली गलौच एवं अवैध वसुली कर रहे है, जबकि ट्रेक्टर संचालक लोनिया मार्ग पर पानी का छिडकाव एवं मार्ग की रिपेरिंग भी करते है।

## ठेका मजदूरों ने दिया अनिश्चितकालीन धरना

**सारनी।** पाथाखेड़ा की कोयला खदानों में काम करने वाले ठेका मजदूर शोषण के खिलाफ सड़क पर उतर आए हैं। ठेका मजदूरों का साफ कहना है कि जब तक हमारी मांगे नहीं मानी जाती, तब तक हम काम पर नहीं लौटेंगे। दरअसल मजदूरों को ना तो समय पर मजदूरी मिल रही है और ना ही सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, मजदूरी का करीब 70 फ़ीसदी हिस्सा मजदूरों के वेतन से वापस ले लिया जाता है। इस तरह का शोषण सालों से झेल रहे मजदूरों के शब्द का बांध अब फूट गया है। यही वजह है कि तवा वन, तवा टू और छतरपुर 1 खदान में कोई भी ठेका मजदूर कार्य पर नहीं गए। तीनों खदानों पर प्रथम पाली में ठेका मजदूरों ने पहुंचकर प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की। ठेका मजदूरों का नेतृत्व कर रहे वरिष्ठ श्रमिक नेता प्रदीप नागले, संतोष देशमुख, मनोज पवार ने बताया काम के बदले मजदूरों को पूरा दम नहीं दिया जा रहा है। सामाजिक सुरक्षा का भी ध्यान नहीं रखा जा रहा है। प्रति माह 1 से 7 तारीख को वेतन मिलना चाहिए। लेकिन ठेकेदारों द्वारा मजदूरी का भुगतान भी तीन-तीन माह के अंतराल से किया जा रहा है। उसमें भी वेतन का लगभग 70 फ़ीसदी हिस्सा ठेकेदार के लोग मजदूरों से वापस ले लेते हैं। इसी के विरोध में ठेका मजदूर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं।



## हाईस्कूल ग्राउंड में तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सारनी।** शहर में 27 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित तीन दिवसीय क्रिकेट प्रीमियर लीग प्रतियोगिता का शुभारंभ हाईस्कूल ग्राउंड में किया गया। प्रतियोगिमा में कुल 6 टीमों ने हिस्सा लिया है कुल 15 मैच खेले जाएंगे। आईपीएल की तर्ज पर खेले जा रहे टूर्नामेंट के उदघाटन के अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस डेलीगेट तिरुपति अरोलू, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मुकेश यादव, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव भाई सन्नी अरोलू, दामड़े सर, चौरे सर एवं हेमन्त धोटे पूर्व अध्यक्ष यूथ कांग्रेस सारनी, यमल शर्मा ने अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। टूर्नामेंट का पूजन एवं रिबन काटकर आगाज किया। शुभारंभ मैच दामाडे लायन विरूद्ध द लाइंस किंग के बीच हुआ। मैच में लायन किंग विजेता रही। दूसरा मैच रेड डायमंड वर्सेस सतपुड़ा टाइगर के बीच खेला गया, जिसमें रेड डायमंड ने मैच जीता। तीसरा मैच थंडर स्ट्राइकर वर्सेस वेदांत इलेवन के बीच हुआ, इसमें थंडर स्ट्राइकर ने मैच को आसानी से अपने पक्ष में किया। चौथा मैच दमाड़े लायन और सतपुड़ा टाइगर के बीच खेला गया, जो कि पहले ट्राई हो गया, फिर सुपर ओवर खेला गया, जिसमें दामाडे लायन ने जीत हासिल की। आखिरी मैच द लाइंस किंग और थंडर स्ट्राइकर के बीच खेला गया।

## बाउंड्रीवाल से लगी झाड़ियों की हुई साफ-सफाई

**सारनी।** पावर प्लांट मे चोरी की घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए बाउंड्री वल से झाडियों की सफाई हुई है। सुरक्षा अधिकारी एस के राघव ने बताया कि पावर प्लांट की बाउंड्री के आसपास भारी मात्रा में झाडियां उग जाने से चोरी की घटनाओ का अंदेशा बना रहता है। सुरक्षा की वजह से सफाई की गई है.उन्होंने कहा कि कुछ लोग झाड़ियों को पेड़ बता कर जानबूझ कर विवाद बनाने की कोशिश कर रहे है। श्री राघव ने कहा कि बाउंड्री वाल के आसपास काफी अधिक मात्रा में झाड़ी इत्यादि बढ़ जाने के कारण बाउंड्री वॉल दिखाई नहीं दे रही थी एवं असामाजिक तत्व अप्रिय घटना घटित ना कर सके, इसलिए झाड़ियां की साफ सफाई की उद्देश्य से एवं सुरक्षा के लिए आईबी की अनुशंसा से साफ सफाई कराई गई है। उन्होंने कहा कि झाड़ियों की सफाई से वाच टावर पर तैनात कर्मचारियों को भी सुरक्षा करने में सुविधा मिलेगी। सुरक्षा अधिकारी श्री राघव ने कहा कि प्लांट की सुरक्षा अहम है और सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी है। पावर प्लांट की सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने के लिए सुरक्षा विभाग हमेशा सतर्क रहता है। पावर प्लांट की सुरक्षा मे कोई चूक का सवाल नहीं उठता है। सुरक्षा विभाग के साथ साथ रिटायर्ड आर्मी मैन को पावर प्लांट के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा सोपी गई है। सतपुड़ा डेम एवं राख बांध सहित अन्य संवेदनशील जगहों पर गन मेन की तैनाती की गई है। सुरक्षा विभाग एवं रिटायर्ड आर्मी मेन की वजह से पावर प्लांट मे चोरियो की घटनाओ पर पूरी तरह अंकुश लगा है।



## मुख्य मार्गों पर निर्माण सामग्री डालकर किया जा रहा अतिक्रमण

**मुलताई।** नगर में नए मकानों के निर्माण के दौरान सड़क पर निर्माण सामग्री डालकर अस्थाई अतिक्रमण किया जा रहा है। उक्त सामग्री उनके द्वारा महिनों से सडक से नही उठाई जा रही है।लेकिन नगर पालिका द्वारा कोई कार्रवाई नही की जा रही है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है नगर पालिका कर्मचारी मकान निर्माण करने वालो पर मेहरबान है और नगर पालिका कर्मचारियों के संरक्षण में ही ये अतिक्रमण किया जा रहा है। नतीजा यह हो रहा है कि आम जनता को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। सड़क पर पडी रेत एवं गिट्टी के कारण दुघर्टनाए हो रही है। इसके बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर कोई कार्रवाई नही की जा रही है। नगर पालिका अधिनियम के अनुसार इस तरह सड़क पर मलबा अथवा रेत, गिट्टी रखकर किए गए अतिक्रमण के संबध में संबधित भुखंड धारक को नगर निकाय के अधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किए जाना चाहिए । नोटिस में दी गई समयावधि में यदि सामग्री संबधित भुखंड धारकों द्वारा नही हटाई जाए तो उसके संबध में भुखंड धारक पर जुर्माना अधिरोपित किया जाना चाहिए । किसी भुखंड धारक द्वारा निर्माण के पहले नगर पालिका से नक्शा स्वीकृत कराया जाता है जिसके अनुसार निर्माण हो रहा है कि नही यह देखने की जवाबदारी नगर पालिका कर्मचारियों की है । जिनके द्वारा अपनी जिम्मेदारी नही निभाई जा रही है, जिससे लोग स्वीकृत नक्शे के अनुसार निर्माण ना करते हुए पुर्ण भुखंड पर मकान का निर्माण करते है और सड़क पर अतिक्रमण कर लेते है जिसके कारण सडक गली बनती जा रही है। निर्माणाधीन मकान मालिकों द्वारा निर्माण में उपयोग में आने वाला मटेरियल सड़क पर डाला जा रहा है। रेत और गिटटी सड़क पर आ जाती है। जिसके चलते लोग सड़क पर पडी रेत और गिट्टी से फिसलकर घायल हो रहे है। वही बार बार दुघर्टनाओं के बाद भी प्रशासन द्वारा इस ओर ध्यान नही दिया जा रहा है जिससे मकान मालिकों को हौसले बुलंद है।



**इनका कहना है-**

आप जानकारी दे,मै कार्रवाई कराता हूँ।

**वीरेंद्र तिवारी, सीएमओ**
**नपा मुलताई**

**भ्रमण** | **सिलपटी स्थित मशरूम उत्पादन इकाई का शैक्षणिक भ्रमण**

## मिशन लाइफ अंतर्गत स्लो साइकिल रेस, रचनात्मक प्रतियोगिताएं

**शाहपुर। शासकीय महाविद्यालय शाहपुर में मिशन लाइफ की भावना को साकार करते हुए महाविद्यालय के इको क्लब हरीतिमा एवं पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) के संयुक्त तत्वावधान में व्यापक पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**



कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, सतत विकास, हरित जीवनशैली और स्थानीय संसाधनों के वैज्ञानिक उपयोग के प्रति व्यवहारिक एवं बौद्धिक जागरूकता विकसित करना था कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीतू जायसवाल माहौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा मिशन लाइफ केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन की जिम्मेदार आदतों का संकल्प है। पर्यावरण संरक्षण कोई वैकल्पिक विषय नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व से जुड़ा दायित्व है। यदि युवा वर्ग आज से ही स्वास्थ्य, स्वच्छता, ऊर्जा संरक्षण और हरित जीवनशैली को अपनाए, तो आने वाला भारत अधिक सशक्त, स्वावलंबी और पर्यावरण-संतुलित होगा। हमें छोटे-छोटे प्रयासों जैसे साइकिल का उपयोग, प्लास्टिक से परहेज, अपशिष्ट का पुनर्चक्रण और स्थानीय संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग—से एक बड़े परिवर्तन की दिशा में निरंतर आगे बढ़ना है। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे केवल जागरूक नागरिक ही नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के सक्रिय दूत बनकर समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करें। पर्यावरण शिक्षण गतिविधियों की अगली श्रृंखला में पोस्टर मेकिंग एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, जैव विविधता, प्लास्टिक उन्मूलन, ऊर्जा बचत और हरित भविष्य जैसे विषयों पर प्रभावशाली एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

### स्वास्थ्य और हरित परिवहन का संदेश

गतिविधियों की प्रथम कड़ी में आज की भागदौड़ और तनावपूर्ण जीवनशैली के बीच स्वास्थ्य चेतना को सुदृढ़ करने तथा कार्बन उत्सर्जन में कमी के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु स्लो साइकिल रेस का आयोजन किया गया। इस अनूठी प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को शारीरिक रूप से सक्रिय रहने, संतुलित एवं फिट जीवनशैली अपनाने तथा ईंधन रहित परिवहन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अनुशासन, उत्साह और खेलभावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कड़े एवं रोचक मुकाबले के बीच साहिल धुर्वे (बी.ए. प्रथम वर्ष) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## जनकल्याण समारोह में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**बैतूल।** देश की प्रख्यात आध्यात्मिक विभूति एवं द हंस फाउंडेशन के प्रेरणास्त्रोत भोले महाराज और माताश्री मंगला के सानिध्य में सांवरिया लोन तितली चौक, बड़ोरा में विशाल जनकल्याण समारोह का आयोजन किया गया। हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर दिल्ली द्वारा आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार दिल्ली सहित अनेक राज्यों से श्रद्धालु-भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। समारोह से पूर्व मंच पर भोले महाराज और माताश्री मंगला ने योगीराज हंस महाराज तथा जगतजननी माता राजेश्वरी देवी की प्रतिमाओं के समक्ष नतमस्तक होकर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर श्री भोले जी महाराज ने समझाया कि मनुष्य जीवन बहुत अनमोल है। यह मानव शरीर हमें भगवान की भक्ति के लिए मिला है। इसे व्यर्थ की बातों में नहीं गंवाना चाहिए। उन्होंने--हंसा निकल गया पिंजरे से खाली पड़ी रही तस्वीर तथा--मानुष जनम अनमोल रे आदि भजनों की प्रस्तुति कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। आध्यात्मिक विभूति माता श्री मंगला जी ने जनकल्याण समारोह में आये श्रद्धालु-भक्तों को सम्बोधित करते हुए कहा कि अध्यात्म ज्ञान सभी धर्मों और शास्त्रों का सार है। अध्यात्म ज्ञान और सत्संग समाज में रचनात्मक बदलाव लाने का काम करता है। उन्होंने कहा कि आज हमारा युवा वर्ग नशीले पदार्थों के सेवन की ओर बढ़ रहा है जो बहुत ही चिंता का विषय है। उन्होंने नशे से हटाकर अध्यात्म ज्ञान से जोड़ने तथा उन्हें संस्कारित करने पर जोर दिया।

